Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-02-2006

Participants : Rathod Shri Harisingh Nasaru

an>

Title : Need to provide economic package to the Nagar Palikas in Banskantha Parliamentary Constituency for providing basic amenities in the smaller towns of the region.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकाठा के अंतर्गत कई ऐसे छोटे-छोटे शहर जैसे पालनपुर, दिशा, धनेरा, धराड़, राजनपुर इत्यादि जहां पर बुनियादी सुविधाओं का पूरा अभाव है, न अच्छी सड़के हैं, न सीवर की व्यवस्था है। गरीब बस्तियों में आवश्यक सुविधाओं का अभाव है। पानी का भी अभाव है एवं व्यापक गंदगी होने से यहां के लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो रहा है। यहां पर जो नगर पालिकाएं हैं उनकी वित्तीय स्थिति बहुत ही खराब है जिसके कारण ये बुनियादी सुविधाएं अभी तक लोगों को नहीं मिल पाई हैं। शहरी विकास मंत्रालय में कई योजनाएं हैं परंतु उनका भी इन शहरों को कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है, अगर शहरी विकास मंत्रालय या केंद्र सरकार इन नगर पालिकाओं को एक पैकेज के रूप में वित्तीय अनुदान या सहायता दे दें तो इन छोटे शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को बुनियादी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त शहरों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु यहां की नगर पालिकाओं को वित्तीय सहायता पैकेज के रूप में उपलब्ध करवाने की कृपा करें।